बच्चों की कार सीट फिट करना

उम्र और साइज के अनुसार सही से फिट की गइ कार सीट दुर्घटना के दौरान गंभीर चोटों या मौत से बचाने में मदद कर सकता है।

बच्चे की कार सीट रखने की जगह चुनते समय, इन कारकों पर विचार करें:

क्या आवश्यक अटैचमेंट सिस्टम्स तक पहुंच उपलब्ध है? इसमें टॉप टेदर स्ट्रैप और एंकरेज अटैचमेंट और उपयुक्त वयस्क वाहन सीटबेल्ट या ISOFIX अटैचमेंट शामिल हैं।

क्या चाइल्ड कार सीट ड्राइवर की सीट, दूसरी चाइल्ड कार सीट या बूस्टर सीट से टकरा रही है, या फिर बाकी पैसेंजर्स के लिए गाड़ी में चढ़ना-उतरना मुश्किल कर रही है?

क्या आप सेफ्टी डोर (जो आ रहे ट्रैफिक से सबसे दूर वाले सिरे पर होता है) से बच्चे को आराम से कार में बैठा और उतार सकते हैं?

12 साल और उससे छोटे बच्चों को हमेशा कार की बैक सीट पर बैठना चाहिए।

सीट फिट करना

जब भी चाइल्ड कार सीट इंस्टॉल करें, उसके इंस्ट्रक्शन मैनुअल को ध्यान से पढ़ें।

इंस्ट्रक्शन मैनुअल को कार सीट के साथ पाउच में रखें ताकि जरूरत पड़ने पर इसे आसानी से फिर से फिट या एडजस्ट किया जा सके।

अगर चाइल्ड कार सीट को **गलत तरीके से** इंस्टॉल किया जाए, तो क्रैश के दौरान चोट का खतरा और गंभीरता बढ़ सकती है।

Kidsafe Child Accident Prevention Foundation of Australia

Kidsafe सेवाएं प्रत्येक राज्य और क्षेत्र में भिन्न हो सकती हैं।
अधिक जानकारी और सलाह के लिए कृपया अपने राज्य या क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करें।
प्रदान की गइ सभी जानकारी प्रकाशन के समय सही है

RSR_FS_perinatal_child-restraint-fitting_V1.0_0325

ROADSAFE RANGERS

चाइल्ड कार सीट इंस्टॉल करना

चाइल्ड कार सीट टॉप टेदर स्ट्रैप और एंकरेज पॉइंट्स

अपने वाहन के ओनर मैनुअल की मदद से चाइल्ड कार सीट के टॉप टेदर स्ट्रैप का एंकरेज पॉइंट ढूंढें। एंकरेज पॉइंट सीटिंग पोजीशन के ठीक पीछे और सेंटर में होना चाहिए।

अगर आपकी गाड़ी में एंकरेज पॉइंट्स नहीं हैं, तो खुद से कोइ मॉडिफिकेशन करने की कोशिश न करें। किसी भी आफ्टर-मार्केट मॉडिफिकेशन को अधिकृत व्यक्ति से ही करवाएं।

अधिक जानकारी के लिए अपने लोकल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी से संपर्क करें।

एंकरेज कंपोनेंट किट्स

अगर जरूरत हो, तो एंकरेज कंपोनेंट किट अलग से खरीदी जा सकती है।

अगर इंस्टॉलेशन के लिए जरूरी हो, तो वाहन के ओनर मैनुअल के इंस्ट्रक्शन को फॉलो करके एंकरेज कंपोनेंट्स लगाएं।

मौजूदा हुक अटैचमेंट सिस्टम 1993 में पेश किया गया था। कुछ गाड़ियों में पहले से ही इंटीग्रेटेड एंकरेज पॉइंट्स होते हैं और उन्हें किसी अतिरिक्त पार्ट्स की जरूरत नहीं होती।

ज़रूरी जानकारी

*ऑस्ट्रेलियन स्टैंडर्ड के लेटेस्ट रिवीजन के अनुसार, आने वाले 12 महीनों में सभी रेस्ट्रेंट्स के साथ एंकरेज बोल्ट किट्स नहीं दिए जाएंगे।

चाइल्ड कार सीट इंस्टॉल करना

ISOFIX लोअर एंकरेज

कुछ गाड़ियों में लोअर एंकरेजेस पहले से फिट होते हैं, जिन्हें ISOFIX अटैचमेंट्स कहा जाता है।

यह जांचने के लिए कि आपकी गाड़ी में ISOFIX अटैचमेंट्स हैं या नहीं, और वे कहां स्थित हैं, अपनी गाड़ी के ओनर मैनुअल को देखें।

ISOFIX सीटबेल्ट के बजाय चाइल्ड कार सीट को गाड़ी में इंस्टॉल करने का एक दूसरा तरीका है। ऑस्ट्रेलिया में ISOFIX-कंपैटिबल चाइल्ड कार सीट्स उपलब्ध हैं, जो ऑस्ट्रेलियन स्टैंडर्ड के अनुरूप हैं और जन्म से लेकर लगभग चार साल तक के बच्चों के लिए उपयुक्त हैं।

ये सीट्स ISOFIX अटैचमेंट्स या वयस्क सीटबेल्ट का उपयोग करके इंस्टॉल की जा सकती हैं। चाहे आप ISOFIX से चाइल्ड कार सीट इंस्टॉल करें या वयस्क सीटबेल्ट से, टॉप टेदर स्ट्रैप और एंकरेज अटैचमेंट का उपयोग करना अनिवार्य है।





ROADSAFE RANGERS

चाइल्ड कार सीट इंस्टॉल करना

सामान्य दुरुपयोग की समस्याओं से बचने के लिए इन चीज़ों का ध्यान रखें:

- ✓ हमेशा सीटबेल्ट को सही पाथवे में कनेक्ट रखें।
- ✓ चेक करें कि सीटबेल्ट मुड़ी न हो, इसके किनारे घिसे हुए न हों या कोइ और नुकसान न हुआ हो।
- ✓ इनबिल्ट हार्नेस को सही तरीके से फिट और एडजस्ट करें।
- ✓ टॉप टेदर स्ट्रैप और एंकरेज अटैचमेंट को उस सीटिंग पोजीशन के सही एंकरेज पॉइंट से जोड़ें।
- ✗ चाइल्ड कार सीट इंस्टॉल करने के लिए कभी भी एडल्ट सीटबेल्ट और ISOFIX अटैचमेंट को एक साथ इस्तेमाल न करें। सिर्फ एक तरीका चुनें, और टॉप टेदर स्ट्रैप का हमेशा उपयोग करें। यदि ISOFIX अटैचमेंट का उपयोग कर रहे हैं, तो यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी गाड़ी के मैनुअल को चेक करें कि आपने कार सीट को ISOFIX के साथ सही तरीके से इंस्टॉल किया है।

एक्सीडेंट के बाद चाइल्ड कार सीट को नष्ट कर दें

ऑस्ट्रेलियन स्टैंडर्ड के अनुसार, अगर कोइ चाइल्ड कार सीट किसी गंभीर दुर्घटना में शामिल होती है (जहां गाड़ी का मुख्य ढांचा क्षतिग्रस्त हो जाता है), तो उसे नष्ट कर देना चाहिए।

यह बात तब भी लागू होती है जब सीट को कोइ स्पष्ट क्षति न हुइ हो और बच्चा उस समय सीट का उपयोग नहीं कर रहा था।

अपने वाहन बीमा प्रदाता से चेक करें कि क्या आपकी पॉलिसी दुर्घटना के बाद चाइल्ड कार सीट को बदलने को कवर करती है।